>

Title: Alleged insult meted out to Swami Ramdev by anti national corrupt forces.

**डॉ. राजन सुशान्त (कांगड़ा):** महोदय, आज हमारे देश में बेरोजगारी व महंगाई बड़ी तीव्र गति से बढ़ रही है। भारत सरकार इसे रोकने में असहाय लग रही है। मैं समझता हूं कि बेरोजगारी व महंगाई के मूल कारण भ्रष्टाचार के उन्मूलन तथा नैतिकता व शिष्टता हेतु एक प्रबल राष्ट्रीय जनआंदोलन छेड़ने का समय आ चुका है। समाज के सभी वर्गों विशेषकर करोड़ों बेरोजगार युवाओं, गरीबों सहित दलितों, पिछड़ों व शोषितों को रोजगार, रोटी, कपड़ा आदि मूलभूत जरूरतों को प्रदान करने के लिए भ्रष्टाचार हटाओ अभियान स्वामी विवेकानंद की प्रखर वाणी से शुरू होकर आजाद भारत के कार्यवाहक प्रधानमंत्री स्व. गुलजारी लाल नंदा, श्री जय प्रकाश नारायण व अन्ना हजारे जैसे महान लोगों ने शुरू किया। इसी कड़ी में आज पूज्य स्वामी रामदेव जी ने इस भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का न केवल शंखनाद किया है बल्कि भारत की संस्कृति व स्वाभिमान के साथ जोड़कर इस महान देश को विषैले अजगर की तरह खा रहे भ्रष्टाचारियों को ललकारा भी है। सारा राष्ट्र उनके पीछे खड़ा हो रहा है। लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि कुछ भ्रष्टाचारी ताकतों को बहुत तकलीफ हो रही है। वे सब भ्रष्टाचारी जिनके खाते विदेशों या देशों में हैं, सभी इकट्ठे होकर, आज के महान संत स्वामी रामदेव जी को डरा रहे हैं, धमकियां दे रहे हैं, अपमानित करने की कोशिश कर रहे हैं व षडयंत्र कर रहे हैं। जब बाबा रामदेव जी ने कहा कि मैं इस धमकियों से नहीं डरता तो इन देश विरोधी लुटेरों की वकालत करने वाले आज के प्रभावशाली प्रवक्ता उन्हें यह कहकर धमका रहे हैं कि बाबा नहीं जानते कि सरकार क्या होती है।

महोदय, मैं पूछना चाहता हूं कि यदि भ्रष्टाचार के खिलाफ एक आंदोलन तैयार हो रहा है लेकिन इससे तकलीफ केवल एक ही पार्टी के नेताओं को क्यों हो रही है? यह बात साबित करती है कि चोर की दाढ़ी में तिनका है, दाल में कुछ काला है, कुछ काला ही नहीं सारी दाल ही काली हो चुकी है। मैं आज लोकसभा के इस पवित्र मंच से सारे देशवासियों का आह्वान करता हूं कि देशवासियों जागो, भ्रष्टाचार के खिलाफ यह जंग चाहे बाबा रामदेव करें या कोई और, हम सब उनका साथ दें। ये धमकियां, गालियां, संतों का अपमान हिन्दुस्तान बर्दाश्त नहीं करेगा। यह अपमान केवल बाबा रामदेव का नहीं, गालियां और धमकियां केवल बाबा रामदेव को नहीं दी जा रही हैं, यह राष्ट्रवादी ताकतों और राष्ट्रभक्तों पर हमला है। भ्रष्टाचार केंद्र में हो या किसी राज्य में हो, भ्रष्टाचार भ्रष्टचार है, चाहे कोई व्यक्ति करे या पार्टी करे, बर्दाश्त नहीं करना है। मेरा देशवासियों से आह्वान है -

ए खाक नशीनों उठ बैठो, अब वक्त करीबे आ पहुंचा

जब ताज उछाले जाएंगे, जब तख्त गिराए जाएंगे।

यह आवाज दबेगी नहीं, गूंजेगी, फैलेगी, भभकेगी, अब क्रांति आएगी और वक्त आएगा जब देश जागेगा। जो हादसा मिस्र में हुस्नी मुबारक का हुआ वह कभी हिन्दुस्तान में भी हो सकता है। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि पूज्य बाबा रामदेव जी सहित सभी राष्ट्रभक्तों की सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध किया जाए, अपमान करने वालों को दंडित किया जाए और राष्ट्र विरोधी लुटेरों और भ्रष्टाचारियों के लिए सरेआम फांसी की सजा का प्रावधान किया जाए।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** मैं अपने आपको इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।

**श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट):** मैं अपने आपको इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।